नई दिल्ली, मंगलवार
6 नवंबर 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24+6=30

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अब एलियन की खोज का तरीका बदलेगा नासा 17
बदरी-केदारनाथ पहुंचे मुकेश अंबानी, एक करोड़ और इनोवा की दान 20

बाजार गुलजार, ढाई सौ करोड़ से अधिक का कारोबार

ट्रांस हिंडन में जमकर हुई धनवर्षा, सोना-चांदी और बर्तन की हुई खरीदारी, मोटरसाइकिल-कार शोरूम में रौनक, मिठाई-गिफ्ट की दुकानों में भीड़

जागरण संवाददाता, साहिबाबाद: धनतेरस पर ट्रांस हिंडन के बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई। बाजारों में लोगों ने बर्तन, सोना-चांदी से लेकर गिफ्ट, मिठाई और वाहनों की भी जमकर खरीददारी की। व्यापारियों की मानें तो सिर्फ ट्रांस हिंडन में ही ढाई सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। वहीं, बीते दो साल से चली आ रही मंदी का इस बार असर देखने को नहीं मिला। पिछले साल दो सौ करोड़ से भी कम का कारोबार ट्रांस हिंडन में हुआ था।



इंदिरापुरम स्थित शिप्रा शॉपिंग प्लाजा में बर्तन खरीदते लोग। पूजन के लिए बंदनवार देखती युवती • जागरण

कुछ इस तरह रहा कारोबार	
कार कारोबार	90 करोड़
मोटरसाइकिल	18 करोड़
प्रॉपर्टी	65-70 करोड़
सोना-चांदी	50-52 करोड़
बर्तन	10-12 करोड़
अन्य	9-10 करोड़

धनतेरस पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। हालांकि दोपहर एक बजे से खरीदारी का मुहुर्त शुरू होते ही लोगों की संख्या और बढ़ गई। पहले से ही ज्वैलरी की बुकिंग करवा चुके लोग अपने सामान की डिलीवरी लेने पहुंचे। दोपहर बाद बर्तन और ज्वैलरी की दुकानों में भीड़ लगी दिखी। लोगों ने सोने-चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की भी खरीददारी की। इंदिरापुरम की शिप्रा सनसिटी, जयपुरिया सनराइज ग्रीन, नीति खंड, न्याय, खंड, वसुंधरा सेक्टर 16, वैशाली सेक्टर-4, शालीमार गार्डन, इंदिरापुरम, ब्रिजविहार, डीएलएफ और साहिबाबाद आदि के सभी बाजार गुलजार दिखे।-

करीब एक हजार लोगों को कार, ढाई हजार ने खरीदी मोटरसाइकिलट्रांस हिंडन में वाहनों का बाजार भी गुलजार रहा। आलम यह रहा कि धनतेरस पर ही करीब ढाई हजार लोगों ने मोटरसाइकिल की डिलीवरी ली। इतना ही नहीं करीब एक हजार लोगों को अपनी सपनों की कार की चाबी भी मिली। संगम होंडा के डायरेक्टर रोहित नरूला ने बताया कि धनतेरस पर करीब तीन सौ मोटरसाइकिल और स्कूटी की डिलीवरी दी गई है। मोटोक्रॉफ्ट के वाइस प्रेसिडेंट सेल्स संजय त्यागी ने बताया कि करीब 150 कारों की डिलीवरी दी गई है। देर रात करीब 10 बजे तक शोरूम में भीड़ दिखाई दी।

कुछ को मिली आशियाने की चाबी, कुछ ने कराई बुकिंग: धनतेरस पर करीब 550 लोगों ने अपने आशियाने की ओर कदम बढ़ा लिया। तीन सौ से अधिक लोगों को आशियाने की चाबी मिली जबकि करीब ढाई सौ लोगों ने आशियाने की बुकिंग करवाई। वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट पर सुबह से ही लोग पहुंचे। इस दौरान बिल्डरों ने उन्हें आशियाने की चाबी दी। उधर, सराफा कारोबारियों की मानें तो ट्रांस हिंडन में करीब 50 करोड़ का कारोबार हुआ।

धनतेरस पर एक बार फिर रियल एस्टेट बाजार में तेजी देखने को मिली। सिद्धार्थ विहार व अन्य प्रोजेक्ट्स में बड़ी संख्या में लोगों ने बुकिंग कराई। यह रियल एस्टेट मार्केट के लिए अच्छा संकेत है।

मनोज गौड़, एमडी, गौड़ ग्रुप

धनतेरस से पहले ही लोगों ने फ्लैट बुक करवा लिए थे। बड़ी संख्या में लोगों को उनके फ्लैट की चाबी सौंपी गई है। दिवाली पर भी लोग अपने आशियाने की चाबी लेंगे।

विकास भसीन,
सीएमडी, साया ग्रुप



करवा चौथ से ही मार्केट में तेजी दिखाई दे रही थी। धनतेरस पर भी सुबह से लोगों की भीड़ रही। चांदी और सोने के सिक्के खरीदने के साथ लोगों ने ज्वैलरी की भी खरीददारी की।

अमित वर्मा, डायरेक्टर,
राधा कृष्णा ज्वैलर्स वसुंधरा

पहले ही बुकिंग करवा चुके लोगों को ज्वैलरी की डिलीवरी दी गई। पिछले सालों की तुलना में इस वर्ष मार्केट में तेजी दिखाई दी है। कारोबार अच्छा रहा।

मनीष वर्मा, डायरेक्टर,
प्रेमश्री ज्वैलर्स साहिबाबाद